भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 2981

उत्तर देने की तारीख : 12.12.2024

# प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत आवेदन

2981. **श्री बी. वाई. राघवेन्द्र :**
**श्री भर्तृहरि महताब :**
**श्री हरेन्द्र सिंह मलिक :**
**डॉ. राजीव भारद्वाज :**

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कर्नाटक में प्रधान मंत्री विश्वकर्मा योजना (पीएमवीवाई) के अंतर्गत राज्य-वार और जिला-वार कुल कितने आवेदन प्रस्तुत किए गए हैं;

(ख) देश में विशेषकर कर्नाटक में शिवमोग्गा लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित इस योजना के लिए आवेदनों की सफलता दर कितनी है और प्रधान मंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को कितनी वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है;

(ग) देश में विशेषकर कर्नाटक में शिवमोग्गा लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित वर्तमान में प्रधान मंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत कितने व्यक्ति प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं;

(घ) इस योजना के अंतर्गत आवेदनों को अस्वीकृत किए जाने के सामान्य कारण क्या हैं;

(ङ) इस योजना के अंतर्गत कितनी जातियों के लाभान्वित होने की संभावना है;

(च) इस योजना के कार्यान्वयन में प्रमुख चुनौतियां क्या है; और

(छ) क्या सरकार का हस्तशिल्प/हथकरघा उत्पादों को बेचने के लिए स्थानीय (जिला/तहसील) स्तर पर बाजार स्थापित करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

## उत्तर

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री**
**(सुश्री शोभा करांदलाजे)**

(क) : प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का शुभारंभ माननीय प्रधानमंत्री द्वारा दिनांक 17.09.2023 को किया गया था। योजना की शुरुआत से लेकर दिनांक 06.12.2024 तक, पीएम विश्वकर्मा पोर्टल पर कुल 2,60,91,923 आवेदन प्राप्त हुए हैं। योजना के तहत प्राप्त कुल आवेदनों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या **अनुबंध-I** में दी गई है। कर्नाटक के लिए कुल आवेदनों की जिला-वार संख्या **अनुबंध-II** में दी गई है।

(ख) : सफलतापूर्वक पंजीकृत आवेदनों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार कुल संख्या **अनुबंध-I** में दी गई है। कर्नाटक के लिए सफलतापूर्वक पंजीकृत आवेदनों की जिले-वार कुल संख्या **अनुबंध-II** में दी गई है। 5 प्रतिशत की रियायती ब्याज दर पर कोलेटरल-मुक्त उद्यम विकास ऋण के माध्यम से वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, जिसकी कुल ऋण सहायता राशि 3,00,000 रुपए है। लाभार्थी ऋण की 1,00,000 रुपए तक की पहली किस्त और पहली किस्त के भुगतान के बाद 2,00,000 रुपए तक की दूसरी ऋण किस्त का लाभ उठा सकते हैं। भारत सरकार 8 प्रतिशत तक ब्याज सहायता प्रदान करती है। डिजिटल लेन-देन प्रोत्साहन के तहत, लाभार्थियों को डिजिटल भुगतान या रसीद प्रोत्साहन के रूप में प्रति माह अधिकतम 100 पात्र लेन-देन तक, प्रत्येक पात्र डिजिटल लेनदेन पर 1 रुपया प्राप्त होता है।

(ग) : मूलभूत कौशल प्रशिक्षण पूरा करने वाले लाभार्थियों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार कुल संख्या **अनुबंध-I** में दी गई है। कर्नाटक के लिए मूलभूत कौशल प्रशिक्षण पूरा करने वाले लाभार्थियों की जिला-वार कुल संख्या **अनुबंध-II** में दी गई है।

(घ) : पीएम विश्वकर्मा के तहत, पीएम विश्वकर्मा पोर्टल पर आवेदनों की अस्वीकृति के सामान्य कारणों में आवेदक का निर्दिष्ट क्षेत्र से संबंधित नहीं होना, आवेदक का निर्दिष्ट ट्रेड से संबंधित नहीं होना, आवेदक के परिवार में कोई सरकारी कर्मचारी होना, परिवार के किसी अन्य सदस्य द्वारा पहले ही आवेदन किया जाना आदि, शामिल हैं।

(ङ) : इस योजना के तहत लाभार्थियों में सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) शामिल हैं।

(च) : योजना के कार्यान्वयन में कोई बड़ी चुनौती नहीं देखी गई है।

(छ) : पीएम विश्वकर्मा योजना लाभार्थियों को गुणवत्ता प्रमाणन, ब्रांडिंग, विज्ञापन, प्रचार और अन्य विपणन क्रियाकलाप के रूप में विपणन सहायता प्रदान करती है। इस योजना के तहत लाभार्थियों, उनके शिल्प और कौशल को बढ़ावा देने के लिए राज्य स्तर पर व्यापार मेले और प्रदर्शनियाँ आयोजित की जाती हैं।

*****

**अनुबंध-I**

**लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2981, जिसका उत्तर दिनांक 12.12.2024 को दिया जाना है, के भाग (क), (ख) और (ग) के उत्तर में संदर्भित** अनुबंध

दिनांक 17.09.2023 से दिनांक 06.12.2024 तक पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार कुल आवेदनों, पंजीकरणों और पूर्ण हो चुके कौशल प्रशिक्षणों का ब्यौरा निम्नानुसार है:

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | आवेदनों की संख्या | पंजीकरणों की संख्या | दिए जा चुके कौशल प्रशिक्षणों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | 21,19,084 | 1,99,223 | 99,587 |
| 2. | अरुणाचल प्रदेश | 10,865 | 1,104 | 52 |
| 3. | असम | 7,02,426 | 1,03,063 | 49,190 |
| 4. | बिहार | 17,60,549 | 98,687 | 32,542 |
| 5. | छत्तीसगढ़ | 9,77,439 | 1,13,344 | 52,445 |
| 6. | गोवा | 35,043 | 17,355 | 4,390 |
| 7. | गुजरात | 14,87,809 | 2,02,961 | 1,43,954 |
| 8. | हरियाणा | 7,09,844 | 29,318 | 13,569 |
| 9. | हिमाचल प्रदेश | 1,81,885 | 18,791 | 6,441 |
| 10. | जम्मू और कश्मीर | 4,64,003 | 1,48,475 | 1,08,176 |
| 11. | झारखंड | 4,12,986 | 34,022 | 18,860 |
| 12. | **कर्नाटक** | **30,56,158** | **5,30,820** | **3,20,017** |
| 13. | केरल | 56,259 | 20,436 | 4,848 |
| 14. | मध्य प्रदेश | 30,71,653 | 2,13,320 | 94,418 |
| 15. | महाराष्ट्र | 26,09,799 | 2,25,961 | 1,06,843 |
| 16. | मणिपुर | 76,348 | 10,818 | 2,417 |
| 17. | मेघालय | 11,178 | 243 | 17 |
| 18. | मिजोरम | 11,313 | 2,608 | 241 |
| 19. | नागालैंड | 21,259 | 2,816 | 732 |
| 20. | ओडिशा | 6,65,623 | 91,704 | 28,354 |
| 21. | पंजाब | 1,73,614 | 9,104 | 2,806 |
| 22. | राजस्थान | 20,36,848 | 2,05,684 | 1,25,790 |
| 23. | सिक्किम | 4,559 | 1,934 | 255 |
| 24. | तमिलनाडु | 8,52,671 | 1 | 0 |
| 25. | तेलंगाना | 3,40,095 | 68,234 | 43,578 |
| 26. | त्रिपुरा | 53,829 | 19,969 | 11,212 |
| 27. | उत्तर प्रदेश | 30,78,308 | 1,47,668 | 49,115 |
| 28. | उत्तराखंड | 2,74,424 | 18,836 | 6,422 |
| 29. | पश्चिम बंगाल | 7,78,105 | 1 | 0 |
| 30. | अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 2,005 | 714 | 327 |
| 31. | चंडीगढ़ | 1,128 | 241 | 56 |
| 32. | दमन और दीव और दादरा और नगर हवेली | 6,577 | 702 | 86 |
| 33. | दिल्ली | 35,917 | 641 | 13 |
| 34. | लद्दाख | 5,607 | 3,543 | 1,524 |
| 35. | लक्षद्वीप | 1,425 | 660 | 0 |
| 36. | पुडुचेरी | 5,288 | 560 | 44 |
| | **कुल** | **2,60,91,923** | **2,54,3561** | **13,28,321** |

**अनुबंध-II**

**लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2981, जिसका उत्तर दिनांक 12.12.2024 को दिया जाना है, के भाग (क), (ख) और (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

दिनांक 17.09.2023 से दिनांक 06.12.2024 तक पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत कर्नाटक के लिए जिला-वार कुल आवेदनों, पंजीकरणों और पूर्ण हो चुके कौशल प्रशिक्षणों का ब्यौरा निम्नानुसार है:

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | आवेदनों की संख्या | पंजीकरणों की संख्या | दिए जा चुके कौशल प्रशिक्षणों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बागलकोट | 94,293 | 3,665 | 1,975 |
| 2. | बल्लारी | 1,13,424 | 23,161 | 16,120 |
| 3. | बेलगावी | 2,62,415 | 20,255 | 11,400 |
| 4. | बेंगलुरु ग्रामीण | 40,055 | 7,719 | 4,358 |
| 5. | बेंगलुरु शहरी | 1,77,420 | 12,269 | 4,140 |
| 6. | बीदर | 1,57,896 | 32,782 | 23,591 |
| 7. | चामराजनगर | 1,04,311 | 27,316 | 15,103 |
| 8. | चिक्कबल्लपुर | 1,02,625 | 20,739 | 15,478 |
| 9. | चिक्कामगलुरु | 46,819 | 6,253 | 3,632 |
| 10. | चित्रदुर्ग | 1,41,604 | 39,408 | 27,961 |
| 11. | दक्षिण कन्नड़ | 24,876 | 6,848 | 4,119 |
| 12. | दावणगेरे | 1,14,758 | 20,910 | 15,247 |
| 13. | धारवाड़ | 1,25,814 | 10,576 | 7,182 |
| 14. | गडग | 63,504 | 6,217 | 3,639 |
| 15. | हसन | 69,797 | 10,265 | 6,344 |
| 16. | हावेरी | 88,048 | 6,163 | 4,070 |
| 17. | कलबुर्गी | 1,06,419 | 11,745 | 6,448 |
| 18. | कोडागू | 9,529 | 2,437 | 1,187 |
| 19. | कोलार | 1,00,773 | 37,509 | 22,893 |
| 20. | कोप्पल | 1,14,187 | 16,864 | 11,271 |
| 21. | मंड्या | 97,993 | 19,240 | 9,460 |
| 22. | मैसूर | 1,71,401 | 32,353 | 14,834 |
| 23. | रायचूर | 1,42,269 | 24,907 | 18,672 |
| 24. | रामनगर | 39,869 | 8,737 | 5,070 |
| 25. | **शिवमोगा** | **91,408** | **14,490** | **9,353** |
| 26. | तुमकुरु | 1,94,081 | 62,629 | 29,881 |
| 27. | उडुपी | 16,937 | 6,741 | 4,051 |
| 28. | उत्तर कन्नड़ | 46,840 | 8,879 | 3,624 |
| 29. | विजयनगर | 77,513 | 14,426 | 9,017 |
| 30. | विजयपुरा | 56,670 | 1,216 | 614 |
| 31. | यादगीर | 62,610 | 14,101 | 9,283 |
| | **कुल** | **30,56,158** | **5,30,820** | **3,20,017** |